>

Title: Regarding need to include all public sector hospitals in Ayushman Bharat Yojana- laid.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): आयुष्मान भारत माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें देश के 10 करोड़ परिवार (लगभग 50 करोड़ लोगों) को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है, उसी क्रम में प्रदेश सरकारों ने अपने राज्यों में उक्त योजना को लागू करने हेतु कुछ सावर्जनिक क्षेत्र व इच्छुक प्राईवेट अस्पतालों का पैनल बनाया है, जहां ऐसे मरीजों का इलाज किया जाता है। इसमें सबसे प्रमुख समस्या यह है कि कुछ राज्य सरकारों द्वारा इस योजना को लागू नहीं किया तथा जहां योजना लागू है, वहां भी सार्वजनिक क्षेत्र के सभी चिकित्सालयों को उसमें शामिल न किए जाने के कारण बड़ी संख्या में पात्र व्यक्ति इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। अभी तक निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में कुल 15644 अस्पताल पैनल में शामिल हैं। जिसमें सर्वाधिक अस्पताल कुल का लगभग 20 प्रतिशत 3184 गुजरात प्रदेश में हैं। वहीं कई प्रदेशों जैसे छत्तीसगढ़, तमिलनाडु में भी संख्या संतोषजनक है। परन्तु कई प्रदेशों में जनसंख्या के अनुपात में ऐसे पैनल में शामिल अस्पतालों की संख्या कम होने के कारण पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि सभी राज्यों के सार्वजनिक क्षेत्र के सभी चिकित्सालयों में आयुष्मान भारत योजना (पीएमजेएवाई) को लागू करने का निर्देश दें, जिससे सभी पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके।